PUBLIC SCHOOL DARBHANGA

कक्षा - ३

पाठ - ३ मूषक सेठ

प्रश्न उत्तर

प्र०१ एक या दो शब्दों में उत्तर लिखिए।

क - बुद्धि के साथ-साथ क्या करने की आदत होनी चाहिए?

उ० परिश्रम।

ख - युवक ने कैसा चूहा अपने नाम पर बही खाते मैं लिखवाया?

उ० मरा हुआ चूहा।

ग - कौन चूहा खाकर संतुष्ट होती?

उ० बिल्ली।

प्र०२ एक या दो वाक्यों में उत्तर लिखिए।

क - युवक जिस किसी से काम मांगता, वह उससे क्या प्रश्न करता?

उ० युवक जिस किसी से भी काम मांगता तो वह उससे पूछता कि पहले कहां कहां और क्या क्या काम किया है।

ख - सेठ जी ने युवक से हंसते हुए क्या कहा?

उ० सेठ जी ने युवक से हंसते हुए कहा कि मैं तो मजाक कर रहा था अगर तुम्हें काम चाहिए तो मेरे पास काम है अगर धन चाहिए तो वह भी ले सकते हो।

ग - अंत में सेठ जी प्रसन्न होकर युवक से क्या बोले?

उ० अंत में सेठ जी ने युवा को अपने पास बैठा कर कहा कि अब मैं बूढ़ा हो गया हूं मुझे तुम्हारे जैसे एक युवा की आवश्यकता है जो मेरे व्यापार को संभाल सके।

प्र०३ दो अथवा दो से अधिक वाक्य में उत्तर लिखिए।

क - सेठ जी किसी को क्या कहकर डांट रहे थे?

उ० सेठ जी किसी को डांटते हुए कह रहे थे कि मैंने तुम्हें अवसर दिया परंतु लगता है कि तुम में व्यापार करने की बुद्धि ही नहीं है तुमने सारा धन नष्ट कर डाला अगर किसी में बुद्धि के साथ-साथ परिश्रम करने की आदत हो तो वह इस मरे हुए चूहे से भी व्यापार कर सकता है।

ख - युवा के हाथ में मरा हुआ चूहा देखकर एक आदमी क्या बोला?

उ० युवक के हाथ में मरा हुआ चूहा देखकर वह बोला कि भाई कृपया यह चूहा मुझे दे दो और यह सारे भुने हुए चने तुम ले लो मेरी बिल्ली ने गरम गरम दूध पिया है इससे उसकी जीभ जल गई है वह कल से भूखी है।